डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर – 11, सीतापुर रोड,लखनऊ–226031

पत्रांक संख्याः ए0के0टी0यू0/कुस0का0/नामांकन/2023/18397 **दिनांकः** 13 फरवरी, 2023

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः शैक्षिक सत्र 2022–23 में स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के परीक्षा कम नामांकन फार्म को अन्तिम रूप से आनलाइन सबमिट करने की तिथि विस्तारण के संबंध में।

महोदय,

1. कृपया उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या 1926 दिनांक 25 जनवरी, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। विश्वविद्यालय के उक्त पत्र दिनांक 25 जनवरी, 2023 के माध्यम से शैक्षिक सत्र 2022–23 में स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के परीक्षा कम नामांकन फार्म के आनलाइन सबमिट करने की अंतिम तिथि दिनांकः 05.02.2023 निर्धारित की गयी थी।

2. तद्क्रम में सूचित करना है कि कतिपय संस्थाओं द्वारा परीक्षा कम नामांकन फार्म के फाइनल सबमिशन के दौरान हो रही विभिन्न प्रकार की तकनीकी समस्याओं (Technical Glitch) के कारण अधिकतर छात्रों का परीक्षा कम नामांकन फार्म नहीं भरा जा सका है एवं तद्स्थिति में संस्थाओं द्वारा फाइनल सबमीशन की अंतिम तिथि को विस्तारित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

3. **अतः संस्थाओं द्वारा छात्रहित के दृष्टिगत किये जा रहे अनुरोध पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त अनुमोदन के कम में उक्त परीक्षा कम नामांकन फार्म के आनलाइन सबमिशन की निर्धारित तिथि को दिनांक 28.02.2023 तक विस्तारित किया जाता है।**

कृपया तद्नुसार अवगत होने का कष्ट करें।

भवदीय
13/02/23
(सचिन कुमार सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः यथोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टॉफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(सचिन कुमार सिंह)
कुलसचिव